भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच ड्रॉ

मिचेल-फिलिप्स की दीवार, नहीं तोड़ सके भारतीय गेंदबाज

- भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह मुश्किल
- आखिरी 43 ओवर में विकेट को तरसी टीम इंडिया

नवभारत न्यूज नेटवर्क

वेलिंगटन, 23 नवंबर. भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला गया पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ. मैच के आखिरी दिन भारतीय गेंदबाज न्यूजीलैंड के शेष पांच विकेट हासिल नहीं कर सके. आखिरी 43 ओवर में टीम इंडिया को एक भी सफलता नहीं मिली. डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की नाबाद साझेदारी ने न्यूजीलैंड को पारी की हार से बचा लिया. दोनों टीमों ने 10 से अधिक ओवर शेष रहते आपसी सहमति से मैच ड्रॉ करने का फैसला किया. मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में 720 रन पर नौ विकेट के नुकसान पर पारी घोषित की थी.

इसके जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रन पर सिमट गई थी. इस तरह भारत को पहली पारी में 352 रन की विशाल बढ़त मिली. दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती रही, लेकिन आखिरी सत्र में मेजबान बल्लेबाजों ने शानदार धैर्य दिखाया. मैच के अंतिम दिन भारत को जीत के लिए आठ विकेट की जरूरत



थी. टी-ब्रेक तक भारतीय गेंदबाज पांच विकेट हासिल कर चुके थे. इसके बाद टीम को जीत के लिए पांच और विकेट चाहिए थे, लेकिन डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने भारतीय गेंदबाजों को सफलता नहीं मिलने दी. दोनों बल्लेबाजों ने 259 गेंदों पर 63 रन की नाबाद साझेदारी की. मिचेल 186 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 49 रन और ग्लेन फिलिप्स 126 गेंद में दो चौके की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे. न्यूजीलैंड ने 120 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 239 रन बना लिए थे. इस दौरान उन्होंने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए विकेट बचाए रखे. पहली पारी में नाबाद 175 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हेनरी निकल्स को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. उन्होंने दूसरी पारी में भी 31 रन का योगदान दिया.

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में उम्मीदों को झटका

टेस्ट ड्रॉ होने से भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है. भारत का अंक प्रतिशत 50 प्रतिशत है, जबकि न्यूजीलैंड का 66.67 प्रतिशत है. दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत के साथ पहले और ऑस्ट्रेलिया 69 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है. भारत को अब शेष छह टेस्ट मुकाबले खेलने हैं. इनमें एक टेस्ट न्यूजीलैंड में और पांच टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर होंगे. इसके बावजूद फाइनल में जगह सुनिश्चित नहीं होगी. दूसरी टीमों के नतीजे भी भारत की क्वालिफिकेशन तय करेंगे.

लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने की मांग

वेलिंगटन भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल करने पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने का आग्रह किया. गिल ने कहा कि कूकाबुरा गेंद बहुत जल्दी नरम हो जाती है जिससे गेंदबाजों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों में गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है. गिल ने यह टिप्पणी भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद की. गिल ने कहा, हम कोविड काल से बहुत आगे निकल चुके हैं. एक नियम था कि गेंद को चमकाने के लिए लार का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता. अब सात-आठ साल हो गए हैं. मुझे नहीं पता कि वे इसकी अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है. हमने जो पहली गेंद ली थी वह मुझे लगता है कि 25-30 ओवरों के बाद बहुत नरम हो गई थी.

कूकाबुरा गेंद की गुणवत्ता से विकट लेने में कठिनाई

भारतीय कप्तान ने कूकाबुरा गेंद की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि नरम गेंद के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर या स्लिप में जाने की संभावना काफी कम हो जाती है. उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि गेंदों की गुणवत्ता कम हो गई है या क्या हुआ है. लेकिन ऐसी परिस्थितियों में अगर विकेट से कोई मदद न मिले और गेंद भी नरम पड़ जाए तो गेंदबाजों के लिए विकेट लेना बहुत मुश्किल हो जाता है. गिल ने कहा कि इस तरह की गेंद बल्ले का किनारा लेकर नहीं जाती जिससे विकेटकीपर और स्लिप क्षेत्र में कैच की संभावना कम हो जाती है.

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टीम को पहले से पता था कि इस पिच पर 10 विकेट लेना मुश्किल होगा. उन्होंने माना कि विदेशी परिस्थितियों में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और गेंदबाजी भी प्रभावी रही. वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने पिच को उम्मीद से ज्यादा सपाट बताया. उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में जिम्मेदारी निभाने वाले अपने खिलाड़ियों की तारीफ की. मैच में दोनों टीमों को चार-चार अंक मिले. हालांकि, भारत पर धीमी ओवर गति के कारण अतिरिक्त पेनाल्टी लगने की संभावना भी जताई गई है.

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक
द. अफ्रीका	8	6	2	72
ऑस्ट्रेलिया	13	9	4	108
न्यूजीलैंड	7	4	1	56
भारत	12	5	4	72
बांग्लादेश	9	3	4	44
इंग्लैंड	16	7	8	74
वेस्टइंडीज	14	3	8	46



अल्कारेज बने एटीपी फाइनल्स चैंपियन

- फाइनल में ज्वेरेव को 6-2, 7-6 से हराया

नवभारत न्यूज नेटवर्क

ट्यूरिन, 23 नवंबर. स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने पहली बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है. इटली के ट्यूरिन में रविवार को खेले गए फाइनल में उन्होंने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 7-6 (7) से हराया.

इस जीत के साथ अल्कारेज ने टूर्नामेंट में अपना अभियान बिना कोई मुकाबला गंवाए पूरा किया. अल्कारेज ने दो घंटे और एक मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया. दूसरे सेट के टाईब्रेक में उन्होंने लगातार तीन सेट पॉइंट बचाए और जीत हासिल की. इस सीजन में छठा और करियर का 30वां खिताब है. पिछले साल वह फाइनल में जैनिक सिनर से हार गए थे, लेकिन इस बार उन्होंने खिताब अपने नाम कर लिया. पहले सेट में अल्कारेज ने 6-2 से जीत दर्ज की.

तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बने अल्कारेज

अल्कारेज एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गए हैं. उनसे पहले मैनुएल ओरांटेस ने 1976 और एलेक्स कोरेत्जा ने 1998 में यह खिताब जीता था. इस जीत के साथ अल्कारेज उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने चारों ग्रैंड स्लैम खिताब और साल के अंत में होने वाली चैंपियनशिप जीती है. उनसे पहले आंद्रे अगासी, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं. इस साल फरवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर अल्कारेज ने करियर ग्रैंड स्लैम भी पूरा किया था. वह ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे.

2018 में शुरू हुई थी बॉल टेंपरिंग

डी विलियर्स का दावा : ऑस्ट्रेलिया ने की थी गेंद से छेड़छाड़

नवभारत न्यूज नेटवर्क

जोहानसबर्ग, 23 नवंबर. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डी विलियर्स ने दावा किया कि ऑस्ट्रेलिया ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज़ के पहले टेस्ट में डरबन में भी गेंद से छेड़छाड़ की थी. उस्मान ख्वाजा की आत्मकथा 'सब' के ज़रिए विवाद फिर चर्चा में आया था.

इसके बाद ख्वाज़ा, चैड सेयर्स और कैमरन बैनक्रॉफ्ट ने बताया कि केपटाउन टेस्ट में पकड़े जाने से पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पोर्ट एलिज़ाबेथ टेस्ट में गेंद पर सैंडपेपर का इस्तेमाल कर रहे थे. अब डी



डी विलियर्स ने कहा, वैसे इसकी शुरुआत डरबन से हुई थी, पोर्ट एलिज़ाबेथ से नहीं. आप मेरे इस बयान को जरूर छाप सकते हैं. हमने डरबन में पहला टेस्ट मैच गंवाया था और उस दौरान गेंद बहुत ही अजीब समय पर रिवर्स स्विंग होने लगी थी. किंग्समीड में गेंद इतनी जल्दी रिवर्स स्विंग नहीं हो सकती थी. मुझ पर भरोसा कीजिए, मैंने वहां बहुत क्रिकेट खेला है. इसलिए उन्होंने वहां जो भी किया हो, चाहे सैंडपेपर इस्तेमाल किया हो या नाखून, मुझे इससे फ़र्क़ नहीं पड़ता. सच यह है कि वे पकड़े गए और हर किसी को इस बारे में पता था.

विलियर्स ने भी इस मामले पर अपनी बात रखी है. उन्होंने 2018 में दूसरे टेस्ट में रिवर्स स्विंग होती गेंद के ख़िलाफ़ शानदार शतक लगाया था और न्यूलैंड्स में उस समय बल्लेबाज़ी कर रहे थे, जब बैनक्रॉफ़्ट सैंडपेपर का टुकड़ा छिपाते हुए पकड़े गए थे. डी विलियर्स का कहना है कि उनके हिसाब से ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज़ की शुरुआत से ही किसी न किसी तरह गेंद से छेड़छाड़ की थी.

गेंदबाजी है सीएसके की मुख्य कमजोरी : मुकुंद

अबू धाबी. भारतीय क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने चेन्नई सुपर किंग्स सीएसके टीम में एक बड़े असंतुलन की ओर इशारा किया है, जिसमें आईपीएल की नीलामी से पहले उनकी गेंदबाजी आक्रमण को टीम की मुख्य कमजोरी बताया गया है. पिछले तीन सीज़न में प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रहने के बाद, पांच बार के चैंपियन पर एक रिकॉर्ड-विस्तारित छठे खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एक मजबूत टीम का पुनर्निर्माण करने का दबाव है. सीएसके के पास बल्लेबाजी प्रतिभा की भरमार है.



विजयी अभियान आगे बढ़ाने उतरेंगी बेटियां

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चीन की चुनौती आज

नवभारत न्यूज नेटवर्क

वेलिंगटन, 23 नवंबर. एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने के बाद शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के अपने चौथे राउंड रॉबिन मुकाबले में चीन से भिड़ेगी.

तीन मुकाबलों में लगातार तीन जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी डिफेंडिंग चैंपियन भारतीय टीम की नजरें चीन के खिलाफ जीत हासिल कर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखने पर होंगी. चीन मौजूदा



ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट टीम है और इस टूर्नामेंट की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम भी है. भारत ने एशियन गेम्स के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था. टीम इस समय तीन मैचों में नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है. जापान के भी नौ अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के आधार पर वह दूसरे स्थान पर है. वहीं, चीन तीन मैचों में चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर मौजूद है. छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है.

भारतीय टीम के मुख्य कोच श्योर्ड मारिन ने के मुताबिक,



टूर्नामेंट में भारत की बादशाहत कायम रखने के लिए चीन और जापान सबसे बड़ी चुनौती हैं. उन्होंने कहा कि ये दोनों टीमें बेहतर हैं और इनके खिलाफ खेलने से भारतीय खिलाड़ियों को अपनी क्षमता परखने का अच्छा मौका मिलेगा.

सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेगी इंडिया ए

- भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला आज

नवभारत न्यूज नेटवर्क

दोहा, 23 नवंबर. एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में भारतीय टीम के लिए मंगलवार का मुकाबला बेहद अहम होने जा रहा है. इंडिया ए को सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी.

पाकिस्तान ए के हाथों 48 रन की करारी हार के बाद भारतीय टीम पर वापसी का दबाव होगा.





बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी विभाग में भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा. मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 11:30 बजे शुरू होगा. भारतीय बल्लेबाजी में युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर खास नजर रहेगी. 15 वर्षीय वैभव नेपाल के खिलाफ 26 और पाकिस्तान के विरुद्ध केवल 11 रन बना सके थे.

लिवरपूल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया

कोच मौरिसियो भी नहीं तोड़ पाए टीम की हार का सिलसिला

मैड्रिड, 23 नवंबर. एनफील्ड में खेले गए प्रीमियर लीग के मैच में लिवरपूल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 4-0 से हराया. इस मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी. मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर के तौर पर मौरिसियो पोचेतीनो का यह पहला मैच था और उन्हें हार मिली.

मैच के आठवें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड के लेनी योरो को अलेक्जेंडर इसाक पर फाउल करने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम 10 खिलाड़ियों तक सीमित हो गई. लिवरपूल की ओर से डोमिनिक



स्जोबोस्जलाई, फ्लोरियन विर्ट्ज, न्युमोहा और विक्टर मुनोज ने गोल किए. डोमिनिक ने फ्री-किक से पहला गोल किया, जिसके तुरंत बाद फ्लोरियन विर्ट्ज ने दूसरा गोल दागा. दूसरे हाफ में 18 वर्षीय रियो न्युमोहा और सब्स्टीट्यूट विक्टर मुनोज ने गोल कर स्कोर 4-0 किया. इस हार के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड प्रीमियर लीग तालिका में 19वें स्थान पर खिसक गई और लगातार 9 लीग मैचों में जीत से दूर रही. वहीं लिवरपूल इस जीत के साथ टॉप-4 में पहुंच गया है. लिवरपूल के कोच एंडोनी इराओला ने कहा कि उनकी टीम और अधिक गोल कर सकती थी.

गायत्री, रक्षिता संभालेंगी भारत की कमान

लखनऊ. डिफेंडिंग चैंपियन ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, मंगलवार से लखनऊ में शुरू होने वाले सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला डबल्स का खिताब जीतने की कोशिश करेंगी. युवा सनसनी रक्षिता रामराज, जिन्होंने पिछले हफ्ते हांगकांग ओपन में टोक्यो 2020 ओलंपिक महिला सिंगल्स चैंपियन चेन युफेई को चौंका दिया था, वे भी भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगी. ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने 2024 में अपना पहला सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था और पिछले साल सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव किया था.

अभय और आकांक्षा ने स्क्वैश में जीते खिताब

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई, 23 नवंबर. अभय सिंह और आकांक्षा सालुंखे को राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में पुरुष और महिला चैंपियन का ताज पहनाया गया, जो रविवार को मुंबई के ओटर्स क्लब में संपन्न हुई. यह सीनियर स्क्वैश नेशनल्स का 82वां संस्करण था.

एशियाई खेल 2026 में रजत पदक जीतने वाले शीर्ष वरीय



अभय सिंह ने पुरुष फाइनल में दूसरे वरीय वीर चोटरानी को 3-0 (11-6, 11-4, 11-9) से हराया. यह दुनिया के 26वें नंबर के अभय के लिए तीसरा सीनियर राष्ट्रीय खिताब था, जो लगातार पांचवीं बार फाइनल में भाग ले रहे थे. शनिवार को पुरुषों के सेमीफाइनल में, अभय सिंह ने राहुल बैठा को सीधे गेम में हराया.

अनुष्का टी20 और वनडे फॉर्मेट की कप्तान

इंग्लैंड ए के खिलाफ सीरीज के लिए इंडिया ए की टीम घोषित

ग्वालियर, 23 नवंबर. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंग्लैंड ए महिला टीम के खिलाफ आगामी घरेलू मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान कर दिया है. बोर्ड ने ग्वालियर की युवा बल्लेबाज एवं स्टार ऑल राउंडर अनुष्का शर्मा पर बड़ा भरोसा जताते हुए उन्हें टी20 और वनडे (एकदिवसीय) दोनों फॉर्मेट का कप्तान नियुक्त किया है.



साथ ही ऑलराउंडर मीनू मणि को दोनों सीमित ओवरों के फॉर्मेट में उपकप्तान बनाया गया है. वहीं विमेंस सीनियर टीम के साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए अनुष्का की व्यस्तता के चलते इकलौते मल्टी-डे (चार दिवसीय) मुकाबले में टीम की कमान मीनू मणि संभालेंगी. इस सीरीज में श्रेयंका पाटिल, अमनजोत कौर, प्रिया पूनिया और उमा छेत्री जैसे कई अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं.

इंडिया ए का पूरा स्क्वाड

टी20 टीम: अनुष्का शर्मा (कप्तान), मीनू मणि (उपकप्तान), वृंदा दिनेश, तनिषा सिंह, सानिका चालके, निकी प्रसाद, जी कमलिनी (विकेटकीपर), शिप्रा गिरी (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, वैष्णवी शर्मा, प्रेमा रावत, साइमा ठाकोर, मोनिका पटेल और काशवी गौतम.

वनडे टीम: अनुष्का शर्मा (कप्तान), मीनू मणि (उपकप्तान), वृंदा दिनेश, तनिषा सिंह, प्रिया पूनिया, निकी प्रसाद, जी कमलिनी (विकेटकीपर), शिप्रा गिरी (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, श्रेयंका पाटिल, अमीषा बहुखंडी, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, अक्षिता भगत और काशवी गौतम.

मंधाना, जेमिमा खेलेंगी इंटर-ज़ोनल टी20

गुवाहाटी. सीनियर महिला इंटर-ज़ोनल टी20 ट्रॉफी 2026 की शुरुआत मंगलवार से होगी, जिसमें छह टीमें गुवाहाटी, असम में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी. फाइनल मैच 4 दिसंबर को खेला जाएगा. बीसीसीआई द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत के छह भौगोलिक क्षेत्रों (ज़ोन) का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला क्रिकेटर हिस्सा ले रही हैं. इस टूर्नामेंट में कुल 16 टी20 क्रिकेट मैच खेले जाएंगे, जिनमें 15 लीग-स्टेज मैच और एक फाइनल शामिल है. वेस्ट ज़ोन मौजूदा चैंपियन है. उन्होंने 2025 के फाइनल में नॉर्थ ज़ोन को 25 रनों से हराकर अपना पहला खिताब जीता था.

शतरंज सिंदारोव सफेद, गुकेश काले मोहरों के साथ खेलेंगे

वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का आगाज आज

नवभारत न्यूज नेटवर्क

जेनेवा, 23 नवंबर. स्विट्जरलैंड के जेनेवा में मंगलवार से वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप शुरू हो रही है. पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान के चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव सफेद मोहरों से खेलेंगे. वहीं गुकेश काले मोहरों पर दांव लगाएंगे.

पैलेस ऑफ नेशंस में हुई ओपनिंग सेरेमनी में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने दो घड़ियों में से डार्क चॉकलेट नाइट (काला घोड़ा) वाली घड़ी चुनी. इससे सिंदारोव को पहले



गेम में सफेद मोहरों से शुरुआत करने का मौका मिला. 14 गेम का यह मुकाबला भारतीय समयानुसार मंगलवार शाम 7:30 बजे शुरू होगा.

2024 में सिंगापुर में गुकेश और डिंग लिरेन के बीच हुई पिछली वर्ल्ड चैंपियनशिप में मोहरों का रंग लेजर शो के जरिए तय किया गया था. देखना होगा कि गुकेश दबाव से उबरकर सिंदारोव की चुनौती का सामना कर पाते हैं या नहीं. इस बार जेनेवा में पारंपरिक स्विस स्टाइल अपनाया गया. गुकेश को दो घड़ियों में से एक चुनने के लिए कहा गया, जिनमें लाइट और डार्क चॉकलेट के घोड़े रखे थे. उन्होंने डार्क चॉकलेट वाला घोड़ा चुना, जिससे उन्हें खेलना होगा.

शतरंज जगत का फोकस

इस चैंपियनशिप से पहले पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन के व्यवहार को लेकर चर्चा रही. बुडापेस्ट में एक पायलट इवेंट के दौरान व्लादिस्लाव आर्तेमिएव के खिलाफ प्लेऑफ के तीन गेम कार्लसन ने बीच में ही छोड़ दिए थे. इसके बाद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने उनका मामला अनुशासनात्मक समिति को सौंप दिया. अब जेनेवा में शतरंज जगत का ध्यान 64 खानों की बिसात पर होगा. 14 गेम के इस मुकाबले में सिंदारोव अपनी मौजूदा फॉर्म और रेटिंग के साथ उतरेंगे.